RAF SECTOR
NEWS CLIP
10/02/20

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Bhaskar, Lohardaga (JKD)

लोहरदगा में शांति के लिए रैफ ने किया फ्लैग मार्च

6 फरवरी को कर्फ्यू हटाए जाने के बाद से शहर में जनजीवन ने रफ्तार पकड़ना शुरू कर दिया

भास्कर न्यूज | लोहरदगा

जिले में शांति व्यवस्था बहाल करने को लेकर लगातार शहरी क्षेत्र के विभिन्न गली मुहल्लो, चौक चौराहों में रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों द्वारा उप कमांडेंट अनामी शरण व परशुराम कुंडा की अगुवाई में फ्लैग मार्च किया गया। ज्ञात हो कि जिले में 6 फरवरी को कर्फ्यू हटाए जाने के बाद से जनजीवन ने रफ्तार पकड़ना शुरू कर दिया। सिर्फ शहरी क्षेत्र में धारा 144 लागू है। इस दौरान आम नागरिक बड़ी संख्या में बाजारों से अपना सामान खरीदते नजर आ रहे है। बाजारों की रौनक वापस पहले की तरह लौटने लगी है। देर रात तक दुकानें भी खुल रहीं है। वहीं सभी प्रकार की गतिविधियां समान्य हो गई है। इस दौरान रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा शहरी क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। जो सदर थाना से शुरू होते हुए कुरैशी मुहल्ला, अमला टोली, मेनका सिनेमा हॉल, सुभाष चौक, बरवा टोली चौक, अजय उद्यान, ईदगाह मुहल्ला, निधि कॉम्प्लेक्स, ब्रह्मांडीहा होते हुए शहर के सभी मुख्य मार्गो, गलियों और बाजारों से गुजरते हुए वापस हुई। रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा किए जा रहे लगातार फ्लैग मार्च व गश्त से शहर के सभी इलाकों में पूर्ण रूप से शांति व्यवस्था कायम हुई है। तथा यहां के नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास कायम हुआ है और अराजक तत्वों में दहशत का माहौल स्थापित हुआ है। जिसके कारण शहर में नागरिकों का जनजीवन सामान्य हुआ है। कहा गया कि अराजक तत्व चेत जाएं नहीं तो प्रशासन किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ेगी। प्रशासन व द्रुत कार्य बल द्वारा शहर के नागरिकों को यह बताया गया कि वे सोशल मीडिया जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर पर किसी प्रकार सांप्रदायिक, जातीय, धार्मिक, विधि व्यवस्था को भड़काने वाले पोस्ट को शेयर या फॉरवर्ड ना करें।

फ्लैग मार्च में शामिल रैपिड एक्शन फोर्स के उप कमांडेंट व जवान।

Dainik Jagran, Prayagraj (UP)

सेवा भाव के साथ मुस्तैद रहे सुरक्षा बल

जागरण संवाददाता, प्रयागराज : माघी पूर्णिमा स्नान पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था चौकस रही। सीसीटीवी कैमरों और हवा में उड़ते ड्रोन से पूरे मेला क्षेत्र में निगरानी होती रही। पुलिसकर्मियों ने सेवा भाव के साथ ड्यूटी की।

माघ मेला के छह स्नान पर्व में पांच प्रमुख होते हैं। अंतिम स्नान पर्व महा शिवरात्रि है। आमतौर पर माघी पूर्णिमा के साथ ही कल्पवासियों के विदा होने पर मेले से भीड़ कम हो जाती है। रविवार को माघी पूर्णिमा के संपन्न होने पर पुलिस अफसरों ने राहत की सांस ली है। तकरीबन डेढ़ महीने से पुलिस अधिकारी मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए रात दिन सक्रिय रहे। रविवार को भी माघी पूर्णिमा पर एडीजी जोन प्रेम प्रकाश और आइजी रेंज केपी सिंह भी एसपी मेला आशुतोष मिश्र के साथ भ्रमण करते रहे। संगम समेत अन्य घाटों पर भी व्यवस्था का जायजा लिया। सुरक्षा के लिहाज से रैपिड एक्शन फोर्स और एटीएस के कमांडो भी मेले में पैदल गश्त करते रहे। एंटी सबोटाज चेक टीम और बम डिस्पोजल स्कवायड भी लगातार चेकिंग करती रहीं। मेले के वाच टावर से दूरबीन के जरिए निगरानी होती रही।

माघी पूर्णिमा पर रविवार को संगम नोज पर तैनात आरएएफ के जवान • जागरण

सतर्कता

- ड्रोन कैमरों से भी रखी गई नजर, एडीजी और आइजी करते रहे भ्रमण
- घाटों पर बुजुर्गों की सहायता करते दिखे पुलिसकर्मी, रास्ता भी पार कराया

रोके गए दोपहिया वाहन भी

माघ मेले में भीड़ बढ़ने पर दोपहिया वाहनों को भी मेले के भीतर जाने से रोका जाने लगा। सभी वाहनों को काली मार्ग तिराहे पर ही रोककर पार्किंग स्थल पर खड़ा कराया जा रहा था। चार पहिया वाहनों को जीटी जवाहर चौराहे पर ही रोककर पार्किंग में भेजा जा रहा था। हालांकि रविवार को मेले के बाहर शास्त्री पुल से बेरहना और रामबाग तक ज्यादा जाम नहीं लगा। भीड़ और वाहनों का दबाव था इसलिए यातायात बाधित रहा। ट्रैफिक पुलिसकर्मी संचालन करने में लगे।

Akila, Rajkot Gujrat

રેપીડેક્શન ફોર્સ અને યુનિવર્સિટી પોલીસે ફલેગ માર્ચ યોજી

રાજકોટઃ રેપીડેએકશન ફોર્સ વસ્ત્રાલય અમદાવાદની એક પ્લાટુન સહાયક કમાન્ડર રામાનંદ પ્રસાદની આગેવાનીમાં રાજકોટમાં આવી છે. આર.એ.એફ.ની આ બટાલીયન નિયમીત અભ્યાસના ભાગરૂપે તા.૧૦ મી સુધી રાજકોટમાં રહી અલગ-અલગ પોલીસ સ્ટેશનોની મુલાકાત લઈ ઈન્ચાર્જ અને તેમની ટીમ સાથે બેઠક યોજી જે તે પોલીસ મથક હેઠળનાં સંવેદનશીલ અતિ સંવેદનશીલ વિસ્તારોની માહીતી મેળવશે. આસીસ્ટન્ટ કમાન્ડર રામાનંદ પ્રસાદ તથા તેમની આર.એ.એફ પ્લાટુનના કુલ ૪૫ જવાનો તથા યુનિવર્સિટી પોલીસ મથકના પીઆઈ આર.એસ.ઠાકુરની રાહબરી હેઠળ સ્ટાફ સાથે સાધુ વાસવાણી રોડ, રૈયા રોડ, રામાપીર ચોકડીથી રૈયાધાર ચોકડીથી રૈયાધાર સ્લમ કવાર્ટર સુધી ફલેગ માર્ચ કરવામાં આવી હતી. (૪.૧૧)

A/100 BN RAF FAMEX UNDER PS GANDHIGRAM-2 UNIVERSITY RAJKOT GUJRAT

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।